Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding need to take steps for cleaning of Morar River in Gwalior, MP

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे ग्वालियर लोक सभा क्षेत्र की मुरार नदी के बारे में मैं सदन के सामने अपनी बात रखना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित मुरार नदी में कभी स्वच्छ पानी बहा करता था । ओवर ए पीरियड ऑफ टाइम, यह नदी अत्यंत प्रदूषित हो गई है । इसके जीर्णोद्धार एवं रिवर फ्रंट के कार्य हेतु भारत सरकार के 'नमामि गंगे' विभाग के दल ने कुछ समय पहले इसका सर्वेक्षण किया था ।

महोदय, 'नमामि गंगे' प्रोजेक्ट की टीम ने भ्रमण के दौरान मुरार नदी के संबंध में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं ग्वालियर नगर निगम के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की थी । सर्वेक्षण टीम ने आश्वस्त किया था कि प्रोजेक्ट के संबंध में सभी जानकारियां प्राप्त करने के पश्चात् इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी । जो कार्य होना था, वह 'पीपुल रिवर कनेक्ट' के अंतर्गत होना था । मुरार नदी की दशा सुधारने का कार्य एक बार फिर से शुरू हो गया है ।

अत: मैं 'नमामि गंगे' प्रोजेक्ट की टीम को धन्यवाद देना चाहूंगा और उनसे यह निवेदन करना चाहूंगा कि इस कार्य में तेजी लाएं, जिससे कि एक बार फिर मुरार नदी अपने ओरिजन रूप में आ सके । धन्यवाद ।